संपादकीय

शांति सभी के लिए हितकर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर जो नजारा पेश आया उसमें एक साथ कई स्थितियां झलकती हैं। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के एक सदस्य ने स्थगन प्रस्ताव रखा कि सारा काम रोक कर वक्फ अधिनियम पर चर्चा की जाए और इसके विरोध में उसी तरह प्रस्ताव पारित किया जाए जिस तरह तमिलनाडु विधानसभा में किया गया। एक सदस्य ने कहा कि जब 6 फीसद मुस्लिम आबादी वाला तमिलनाडु वक्फ अधिनियम के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर सकता है तो मुस्लिम बहुल आबादी वाला जम्मू-कश्मीर क्यों नहीं यानी यहां वक्फ अधिनियम का विरोध मुस्लिम दृष्टिकोण से है।

जब जम्मू-कश्मीर भाजपा के विधायक इस तरह के प्रस्ताव का विरोध करते हैं तब यह मामला सीधे-सीधे हिन्दू-मुसलमान का हो जाता है। लेकिन जब नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा चयनित विधानसभा अध्यक्ष पार्टी के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं देता और तमिलनाडु की तुलना पर कहता है कि इस समय यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है जबकि तमिलनाडु में उस समय प्रस्ताव पास हुआ था जब मामला न्यायालय में नहीं गया था।

लेकिन पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और नेशनल कॉन्फ्रेंस और कुछ निर्दलीय मुस्लिम विधायकों ने अध्यक्ष की बात को नकार दिया तो हंगामा यहां तक बढ़ा कि 'भारत माता की जय' और 'अल्लाह हू अक्बर' के नारे लगने लगे, धक्का-मुक्की हुई, हाथापाई भी हुई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की कोशिश यह दिखाई दी कि वह वक्फ अधिनियम का विरोध करते हुए भी दिखाई दें, मगर वास्तव में विरोध नहीं करें। जम्मू-कश्मीर की यह स्थिति मजहब, राजनीति और सत्ता के तेजी से बिगड़ते संतुलन का प्रतीक है। विधानसभा में जिस तरह की सांप्रदायिक कटुता दिखाई दी अगर वह सदन से बाहर प्रसारित होती है तो जम्मू-कश्मीर इस समय थोड़ी शांति से जी रहा है, फिर से उपद्रवी हालात की ओर मुड़ सकता है। ऐसी सूरत में मुख्यमंत्री उमर की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह इस मामले को यथाशीघ्र शांत करें और इसे अराजकवादी तत्वों के हाथ में पहुंचने से रोकें।

केंद्र सरकार को भी इस मामले को हलके में नहीं लेना चाहिए। भाजपा और मुस्लिम नेताओं की भी इसमें जिम्मेदारी बनती है कि इस मुद्दे पर वे लोगों को अनावश्यक तौर पर न भडक़ाएं क्योंकि शांति सभी के लिए हितकर है। इस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए।

2,000 रुपए से ज्यादा के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगेगा या नहीं, सरकार ने किया साफ

नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि सरकार 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है। वित्त मंत्रालय ने कहा, यह दावा कि सरकार 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने पर विचार कर रही है, पूरी तरह से गलत, भ्रामक और निराधार है। फिलहाल सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

किसी खास इंस्ट्रूमेंट्स का इस्तेमाल कर की जाने वाली पेमेंट से जुड़े मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) जैसे चार्जेस पर लगाया जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने पर्सन-टू-मर्चेंट (पीटूएम) यूपीआई ट्रांजैक्शन से 30 दिसंबर, 2019 की गैजेट नोटिफिकेशन के जरिए एमडीआर को हटा दिया है। सीबीडीटी का यह निर्णय जनवरी 2020 से प्रभावी है। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि वर्तमान में यूपीआई ट्रांजैक्शन पर एमडीआर नहीं लगाया जाता है इसलिए इन ट्रांजैक्शन पर किसी तरह जीएसटी लागू नहीं है। सरकार यूपीआई के जरिए डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यूपीआई के विकास को समर्थन देने और बनाए रखने के लिए, वित्त वर्ष 2021-22 से एक प्रोत्साहन योजना चालू की गई है।

आधिकारिक बयान में बताया गया है कि यह योजना विशेष रूप से कम मूल्य वाले यूपीआई (पीटूएम) ट्रांजैक्शन को टारगेट करती है। योजना के तहत ट्रांजैक्शन लागत को कम करने के साथ डिजिटल पेमेंट में भागीदारी और इनोवेशन को बढ़ावा देकर छोटे व्यापारियों को लाभ होता है। पिछले कुछ वर्षों में इस योजना के तहत आवंटन में वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 1,389 करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 2,210 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 3,631 करोड़ रुपये शामिल हैं। इन उपायों ने भारत के मजबूत डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एसीआई वर्ल्डवाइड रिपोर्ट 2024 के अनुसार,2023 में ग्लोबल रियल-टाइम ट्रांजैक्शन में भारत की भागीदारी 49 प्रतिशत थी, जो डिजिटल पेमेंट इनोवेशन में ग्लोबल लीडर के रूप में देश की मजबूत स्थिति को दिखाता है। यूपीआई ट्रांजैक्शन वैल्यू में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है, जो वित्त वर्ष 2019-20 में 21.3 लाख करोड़ रुपये से बढक़र मार्च 2025 तक 260.56 लाख करोड़ रुपये हो गई है। बयान में कहा गया कि विशेष रूप से, पीटूएम लेनदेन 59.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो डिजिटल पेमेंट मेथड में बढ़ते 'मर्चेंट अडॉप्शन' और उपभोक्ता विश्वास को दर्शाता है।

वित्त वर्ष 2025 में भारत का फार्मा निर्यात 30 बिलियन डॉलर के पार, अमेरिका शीर्ष बाजार

नई दिल्ली

भारत का फार्मा निर्यात वित्त वर्ष 2025 में 30 बिलियन डॉलर को पार कर गया, जिसमें अमेरिका देश के फार्मा निर्यात का एक तिहाई से अधिक हिस्सा रखने वाला प्रमुख बाजार बना हुआ है। यह देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

आधिकारिक व्यापार आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में फार्मा निर्यात 30,467.32 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2024 के 27,851.70 मिलियन डॉलर से 9 प्रतिशत अधिक है।

आंकड़ों के अनुसार, मार्च के महीने में फार्मा निर्यात में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 2,805.71 मिलियन डॉलर से बढक़र 3,681.51 मिलियन डॉलर हो गया।

वित्त वर्ष 2025 में मूल्य के संदर्भ में अमेरिका को निर्यात 14.29 प्रतिशत बढक़र 8,953.37 मिलियन डॉलर हो गया।

पिछले वित्त वर्ष में भारत के फार्मा निर्यात में टॉप पर रहने वाले दूसरे देशों में यूके, ब्राजील, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका थे।

इस बीच, पिछले महीने एक रिपोर्ट में कहा गया था कि घरेलू फार्मास्यूटिकल्स बाजार में वित्त वर्ष 2026 में सालाना आधार पर 8-9 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंड-रा) की रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 के लिए इस क्षेत्र में वृद्धि सालाना आधार पर 7.5-8.0 प्रतिशत होगी। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के एसोसिएट डायरेक्टर कृष्णनाथ मुंडे ने कहा, इस क्षेत्र में वित्त वर्ष 2024 में सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023 में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

फरवरी में फार्मा बाजार ने सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत का राजस्व दिया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वृद्धि कीमत और नए लॉन्च में बढ़ोतरी होने के कारण दर्ज की गई है। कीमत को लेकर सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत दर्ज की गई और नए लॉन्च को लेकर सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई, जबकि वॉल्यूम वृद्धि सालाना आधार पर नकारात्मक 0.2 प्रतिशत बनी रही।

पंजाब ने बैंगलोर को 5 विकेट से हराया, आसीबी का अपने घर में हारने का सिलसिला जारी

बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के एक बार फिर अपने घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा. इस बार उन्हें पंजाब किंग्स ने 5 विकेट से मात दी. शुक्रवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का मैच बारिश के कारण दो घंटे की देरी से शुरू हुआ. जिसकी वजह से मैच को घटाकर 14 ओवर-प्रति-साइड कर दिया गया, जिसमें विशेष खेल परिस्थितियों के कारण केवल तीन गेंदबाजों को अधिकतम 4 ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति दी गई, और एक को दो ओवर की अनुमति दी गई. 96 रनों के लक्ष्य को पंजाब ने 13वें ओवर की पहली गेंद पर ही हासिल कर लिया. नेहाल वडेरा ने 33 रनों की बेहतरीन पारी खेली,जिसमें 3 चौके और 3 छक्के शामिल थे. लेकिन मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड टिम डेविड को दिया गया, क्योंकि उनकी 50 रनों की पारी की वजह से ही आरसीबी को मैच में बने रहने का मौका मिला था. इस हार के साथ ही आरसीबी एकमात्र टीम है जिसने इस सीजन में अभी तक कोई घरेलू मैच नहीं जीता है.

वित्त वर्ष 2025 में भारत में सक्रिय कंपनियों की संख्या 1.62 लाख के पार

नई दिल्ली

देश में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों से जुड़ी सक्रिय कंपनियों की संख्या 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2025 में 1,62,800 से अधिक दर्ज की गई है।

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, नए बिजनेस रजिस्ट्रेशन में तेजी से वृद्धि हुई है, जिसमें कुल नए रजिस्ट्रेशन में सर्विस सेक्टर का दो तिहाई हिस्सा रहा।

अप्रैल 2024-फरवरी 2025 की अवधि में, 1,41,675 कंपनियां रजिस्टर्ड हुईं, जिससे पेड-अप कैपिटल में लगभग 3.36 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। औद्योगिक क्षेत्र ने पेड-अप कैपिटल का 82 प्रतिशत से अधिक प्रतिनिधित्व किया। अप्रैल-फरवरी की अवधि में मैन्युफैक्चरिंग, टेक्सटाइल, माइनिंग, मेटल और केमिकल जैसे औद्योगिक क्षेत्र में प्रमुख निवेश आया। इसी बीच, 31 जनवरी तक देश में कुल 28,05,354 कंपनियां रजिस्टर्ड थीं, जिनमें से 65 प्रतिशत (18,17,222) कंपनियां सक्रिय थीं, जो दिसंबर 2024 की तुलना में सक्रिय कंपनियों के कुल अनुपात में 0.14 प्रतिशत की वृद्धि है। देश में 31 जनवरी तक 5,216 विदेशी कंपनियां भी रजिस्टर्ड थीं और उनमें से 63 प्रतिशत या 3,281 संस्थाएं सक्रिय थीं। कुल कंपनियों में प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों की हिस्सेदारी 96 प्रतिशत है, जो कुल पेड-अप कैपिटल का 38 प्रतिशत है।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों की तुलना में पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की संख्या (4 प्रतिशत) कम है, लेकिन कुल पेड-अप कैपिटल का 62 प्रतिशत हिस्सा है।

सेक्टर-वाइज क्लासिफिकेशन से पता चलता है कि 27 प्रतिशत कंपनियां बिजनेस सर्विस में हैं, जो कि सबसे अधिक है। इसके बाद 20 प्रतिशत कंपनियां मैन्युफैक्चरिंग में हैं। इसके अलावा, ट्रेडिंग एंड कम्युनिटी, पर्सनल एंड सोशल सर्विस में 13 प्रतिशत कंपनियां हैं।

मंत्रालय के बयान के अनुसार, यह भी देखा गया है कि सेवा क्षेत्र में सक्रिय कंपनियों की कुल संख्या में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई, उसके बाद उद्योग क्षेत्र और कृषि क्षेत्र का स्थान है। सेवा क्षेत्र में, समुदाय, व्यक्तिगत और सामाजिक सेवा क्षेत्र में सक्रिय कंपनियों की संख्या में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई।

रजत पाटीदार ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का महारिकॉर्ड, आईपीएल के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग का 34वां मैच बारिश से प्रभावित रहा. चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु में खेले गए इस मैच में होम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पंजाब किंग्स से 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. आईपीएल 2025 में आरसीबी की यह घरेलू मैदान पर तीसरी हार थी. इसके बावजूद आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए इतिहास रच दिया.

पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में रजत पाटीदार ने 18 गेंद में 23 रन बनाए और एक शानदार उपलब्धि हासिल की. इस पारी के साथ ही रजत पाटीदार ने महज 30 पारियों में अपने 1000 आईपीएल रन पूरे किए और दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ-साथ रुतुराज गायकवाड़ के रिकॉर्ड को तोड़ दिया. इन दोनों ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 31 पारियां लीं थी. वहीं, मुंबई इंडियंस के तिलक वर्मा ने 1000 आईपीएल रन पार करने के लिए 33 पारियां खेलीं.

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार गुजरात टाइटन्स के साई सुदर्शन के बाद इस मुकाम तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय खिलाड़ी भी बन गए. इस लिस्ट में शीर्ष पर गुजरात टाइटन्स के स्टार बल्लेबाज साई सुदर्शन हैं, जिन्होंने 25 पारियों में यह मुकाम हासिल किया था.

इस पारी के साथ ही रजत पाटीदार ने एक ऐसी उपलब्धि हासिल की जो उन्हें सबसे अलग बनाती है. पाटीदार आईपीएल के इतिहास में 35 से अधिक की औसत और 150 से अधिक की स्ट्राइक रेट के साथ 1000 रन तक पहुंचने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए. वह मौजूदा समय में टी20 क्रिकेट के सबसे होनहार भारतीय बल्लेबाजों में से एक हैं.

शुक्रवार को बारिश से बाधित इस मैच में पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 5 विकेट से हराया. बारिश के कारण देरी से शुरू होने के बाद 14-14 ओवर के इस मैंच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी की. खराब शुरुआत के बाद टिम डेविड (26 गेंदों पर 50) ने कठिन पिच पर शानदार अर्धशतक जड़ा और आरसीबी को 9 विकेट पर 95 रन पर पहुंचाया.

आईपीएल 2025 के बीच बीसीसीआई का बड़ा फैसला

मैच फिक्सिंग को लेकर मुंबई टी20 लीग टीम के मालिक पर लगाया बैन

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने खेल के भीतर भ्रष्टाचार से निपटने के अपने प्रयासों में एक अहम कदम उठाया है. हाल ही में बीसीसीआई ने मुंबई टी20 लीग में भाग लेने वाली एक फ्रेंचाइजी सोबो सुपरसोनिक्स फ्रैंचाइजी के सह-मालिक गुरमीत सिंह भामरा पर लाइफटाइम बैन लगा दिया है.

मुंबई टी20 लीग के 2019 सीजन के दौरान हुई एक घटना की जांच के बाद बीसीसीआई लोकपाल न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने गुरमीत सिंह पर आजीवन बैन लगाया. जांच में पता चला कि भामरा ने शहर के दो क्रिकेटरों धवल कुलकर्णी और भाविन ठक्कर से फिक्सिंग को लेकर संपर्क किया था. इस अपराध के लिए भामरा को कड़ी सजा मिली है, जिससे वह अपने शेष जीवन के लिए बीसीसीआई द्वारा संचालित किसी भी क्रिकेट गतिविधि में शामिल होने से प्रतिबंधित हो गए हैं. धवल कुलकर्णी एक तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने 12 वनडे और कुछ टी20आई मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया है.

गुरमीत सिंह भमराह मुंबई टी20 लीग के अलावा, अब बंद हो चुके जीटी20 कनाडा टूर्नामेंट से भी जुड़े थे. मुंबई टी20 लीग को कोविड-19 महामारी के कारण 2019 सीजन के बाद निलंबित कर दिया गया था, इस साल फिर से शुरू होने वाला है, हालांकि, भमराह अब इससे जुड़े हुए नहीं हैं.

हालांकि, भामरा के प्रतिबंध के बारे में आधिकारिक आदेश की प्रति में दंड की अवधि के बारे में स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया है, लेकिन यह समझा जाता है कि बीसीसीआई के भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के अनुसार, ऐसे अपराधों के लिए सजा की संभावित सीमा कम से कम 5 साल से लेकर अधिकतम आजीवन प्रतिबंध तक है.

आदेश की प्रति में कहा गया है कि सोनू वासन नामक व्यक्ति ने भामराह के कहने पर मैच फिक्स करने के लिए ठक्कर से संपर्क किया था. खिलाडिय़ों ने भामराह को पाजी कहा.

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कई तरह की व्यक्तिगत गतिविधियों में दिन व्यतीत होगा। आज आपको स्वयं पर भरोसा रखना होगा। अपनी क्षमता से अधिक कार्य भार ना लें।

वृष- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कारोबारी गतिविधियों में ध्यान देने की जरूरत है। आज उत्तम स्थिति बनी हुई है लिए गए निर्णय के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। विद्यार्थियों को इंटरव्यू अथवा करियर में उचित सफलता मिलने के योग है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दूसरों की व्यक्तिगत गतिविधियों से खुद को दूर रखें। अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक मामलों को अहमियत दें। आज बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने से उनका मनोबल बढ़ेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज खास कार्य पूरा होने से आपको प्रसन्नता मिलेगी। आज अपने बारे में सोचे और अपने लिए ही काम करें। पारिवारिक समस्या किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह से समाप्त होगी और आपसी रिश्ते बेहतर बनेंगे।

सिंह- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपको विशेष उपलब्धि मिलने वाली है। आपका गुस्सा व बहुत अधिक अनुशासित होना दूसरों के लिए समस्याएं उत्पन्न करेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। अपनी जीवनशैली को और उन्नत बनाकर रखने का प्रयास करें। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में रुचि लेंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज परिस्थितियां आपके पक्ष में सुखद परिवर्तन लाने वाली है। इस समय व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए नया प्लान बनाएंगे।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से कार्यों को पूरा करेंगे। मन मुताबिक परिणाम मिलने से मन में खुशी रहेगी। युवाओं को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिल सकती हैं।

धनु- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। किसी दोस्त से खुशखबरी मिलने वाली है। आज आपको ऑनलाइन कुछ नया सीखने को मिलेगा, जो कि आपके भविष्य के लिए बहुत ही कारगर साबित होगा।

मकर- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी भी काम को करने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी अवश्य हासिल करें। आज आप व्यापार में प्रोडक्शन के साथ-साथ उनकी गुणवत्ता पर भी ध्यान देंगे।

कुंभ- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बच्चों की शिक्षा अथवा करियर को लेकर चल रही समस्या का समाधान मिलेगा। किसी कोर्ट केस का फैसला आज आपके पक्ष में आएगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी अनुभवी के मार्गदर्शन से सभी कार्य योजना बद्ध तरीके से संपन्न होते जाएंगे और आप अपने अंदर अद्भुत ऊर्जा महसूस करेंगे।

धनुष की इडली कढ़ाई की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, नया पोस्टर आया सामने

निर्देशक धनुष की बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर इडली कड़ाई के निर्माताओं ने घोषणा की कि यह फिल्म इस साल 1 अक्टूबर को दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एक्स हैंडल पर फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस वंडरबार फिल्म्स ने लिखा, इंतजार खत्म हुआ! 1 अक्टूबर से दुनिया भर में बड़े पर्दे पर इडली कढ़ाई आ रही है!

निर्माता आकाश भास्करन की डॉन पिक्चर्स वंडरबार फिल्म्स के साथ मिलकर फिल्म का निर्माण कर रही है।

फिल्म के निर्माताओं ने पहले घोषणा की थी कि फिल्म इस साल 10 अप्रैल को दुनिया भर में स्क्रीन पर आएगी। हालांकि, उन्होंने रिलीज की तारीख की घोषणा किए बिना रिलीज को स्थगित करने का फैसला किया।

इस घोषणा के बाद एक साक्षात्कार में आकाश भास्करन ने कहा कि फिल्म की रिलीज को स्थगित किया जा रहा है क्योंकि फिल्म का 10 प्रतिशत हिस्सा अभी भी शूट किया जाना बाकी है।

उन्होंने बताया, हमें इसे विदेश में शूट करने की जरूरत है। यह एक कॉम्बिनेशन सीन है जिसमें नित्या मेनन, अरुण विजय, राजकिरण, पार्थिबन और सभी कलाकार होंगे। सभी कलाकार एक ही तारीख पर उपलब्ध नहीं थे और इसी वजह से हम इस सीन को शूट नहीं कर पाए। हम जल्दबाजी नहीं करना चाहते थे क्योंकि फिल्म वास्तव में अच्छी बनी है।

दिलचस्प 'कर्मण्ये वाधिकारस्ते' का टीजर रिलीज

कर्मण्ये वाधिकारस्ते समकालीन अपराध जगत की घटनाओं पर आधारित एक फिल्म है, जिसमें एक विविध कथानक है। कथानक पुलिस अधिकारियों की एक टीम के इर्द-गिर्द घूमता है, जो कर्तव्य को अपना देवता मानते हैं और वे इस अपराध जगत में होने वाली घटनाओं का सामना कैसे करते हैं।

अमर दीप चल्लापल्ली ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, जिन्होंने अपने पहले प्रयास में अपनी निर्देशन शैली से प्रभावित किया है। डीएसएस दुर्गा प्रसाद ने उषास्विनी फिल्म्स के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण किया है। मार्तंड के. वेंकटेश संपादक हैं। भास्कर समाला ने छायांकन का काम संभाला। ज्ञानी ने संगीत तैयार किया। शिव कुमार पेल्लुरु ने कहानी और संवाद प्रदान किए। शत्रु, ब्रह्माजी और मास्टर महेंद्रन मुख्य भूमिकाएँ निभाते हैं, जबकि पृथ्वी, शिवाजी राजा, श्री सुधा, बनर्जी, अजय रत्नम और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई देते हैं। ऐरा दयानंद रेड्डी इस फिल्म से अपनी शुरुआत कर रही हैं।

सूर्या की फिल्म रेट्रो का गाना द वन रिलीज, 1 मई को होगी रिलीज

निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज की आगामी एक्शन फिल्म रेट्रो के निर्माताओं ने फिल्म का गाना द वन रिलीज कर दिया। गाने के रिलीज होने के बाद फैंस और फिल्म प्रेमी काफी खुश हैं। फिल्म में सूर्या और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में हैं।

निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज ने एक्स पोस्ट में लिखा, वह गाना, जिसे मैं आप सभी को दिखाने के लिए इंतजार कर रहा था, वह आ गया है..

वन गाना रेट्रो में सूर्या के किरदार को समर्पित लगता है और इसमें एक प्रेरणादायक स्वर है। गाने में कुछ खूबसूरती से शूट किए गए दृश्य हैं, जो इसके साथ चलते हैं। सिड श्रीराम और संतोष नारायणन द्वारा गाए गए इस गाने को संतोष नारायणन ने ही ट्यून किया है और इसके बोल विवेक ने लिखे हैं। इस गाने में रैप भी है, जिसे एसवीडीपी ने गाया है।

अभिनेता सूर्या ने भी अपने एक्स टाइमलाइन पर गाने के रिलीज की घोषणा की।

बता दें कि सूर्या इस फिल्म के लिए कुछ खास स्टाइल की फाइटिंग की ट्रेनिंग लेने के लिए थाईलैंड गए थे। टीम ने खुलासा किया है कि सूर्या ने अपनी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत से थाईलैंड में मौजूद फाइटर्स को चौंका दिया।

फिल्म के बारे में एक और दिलचस्प बात यह है कि सूर्या ने फिल्म में अपने हिस्से की डबिंग पहले ही पूरी कर ली है, जो इस साल 1 मई को रिलीज होने वाली है।

सूर्या और पूजा हेगड़े के अलावा रेट्रो में मलयालम अभिनेता जोजू जॉर्ज और जयराम व तमिल अभिनेता करुणाकरण सहित कई सितारे नजर आएंगे।

फिल्म का संगीत संतोष नारायणन ने दिया है और छायांकन श्रेयस कृष्णा ने किया है। संपादन का काम शफीक मोहम्मद अली और कला निर्देशन जैकी, मायापंडी ने किया है। फिल्म में एक्शन की भरमार होगी और स्टंट केचा खम्फाकडी करेंगे।

शब्द सामर्थ्य- 23

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 022 का हल

मा	म	ला		सि	वा	य		कि
लि		चा	ह	त		म	म	ता
क	सू	र		म	ग	न		ब
	र				द			
क	मा	न		पा	र	स		स
मी		म	जा	ल		न	क	ली
ना	दा	न		ना	र	द		का
	मि				तौं			
सु	नी	ल		अ	धी	र		जी

सू-दोकू- 23

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.022 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6